# दौलतपुरा क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार चार दोस्तों को कुचला

## दो युवकों की मौत, हादसा इतना भयावह था कि मृतकों के एक-एक पैर कटकर ट्रक में लटके मिले

**जयपुर (कासं)।** दौलतपुरा थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक ने एक ही बाइक पर सवार चार दोस्तों को कुचल दिया। बताया जा रहा है कि हादसा इतना भीषण था कि दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार टक्कर के दौरान मृतकों के एक-एक पैर घुटने के नीचे से कटकर अलग हो गए और ट्रक के अगले हिस्से में लटकते मिले। इस हादसे में बाइक के भी परखच्चे उड गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को टोल एम्बुलेंस की मदद से एसएमएस अस्पताल पहुंचाया। मृतकों के शव अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए गए हैं।

थानाधिकारी महेंद्र सिंह यादव ने बताया कि मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश के हरदोई निवासी अनिकेत (18) पुत्र रामकिशोर और प्रवीण (18) पुत्र प्रकाश के रूप में हुई है। वहीं विकास पुत्र जितेंद्र और शिवम पुत्र बबलू गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दोनों का एसएमएस अस्पताल में उपचार चल रहा है।



दौलतपुरा क्षेत्र में चार युवकों को टक्कर मारने वाले ट्रक व क्षतिग्रस्त बाइक पुलिस ने जब्त की।

थानाधिकारी के अनुसार चारों युवक रविवार देर रात दौलतपुरा रिंग रोड के पास अनिकेत की बहन के घर गए थे। सोमवार सुबह वहां से एक ही बाइक पर सवार होकर अपने घर की ओर लौट रहे थे। सुबह करीब 6:45 बजे दौलतपुरा सर्विस रोड पर खेरवाड़ी पुलिया के नीचे खेरवाड़ी की तरफ जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और चारों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। इस हादसे में सिर में गंभीर चोट लगने और अत्यधिक रक्तस्त्राव के कारण दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के मौके पर पहुंचने पर दोनों मृत मिले, जबकि घायल युवक गंभीर हालत में पड़े थे। हादसे की भयावहता का अंदाजा

■ पुलिस ने वारदात के बाद ट्रक जब्त किया, चालक की तलाश शुरू की

इसी से लगाया जा सकता है कि मृतकों के एक-एक पैर घुटने के नीचे से कटकर अलग हो गए। पुलिस को दोनों कटे हुए पैर ट्रक के अगले हिस्से में लटके मिले। पुलिस ने ट्रक को मौके से जब्त कर लिया है। ट्रक उत्तर प्रदेश नंबर का बताया जा रहा है। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार चारों युवक मूल रूप से उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले के रहने वाले थे और जयपुर के हरमाड़ा इलाके के माचड़ा में परिवार के साथ रहते थे। चारों दोस्त लोहा मंडी क्षेत्र स्थित रबर रिंग फैक्ट्री में काम करते थे। पुलिस ने हादसे के संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है तथा फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

## '23 लाख पांडुलिपियों का सर्वे, 1.24 लाख को डिजिटाइज्ड किया'

**जयपुर ।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के ''ज्ञान भारतम मिशन'' के तहत सोमवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) झालाना में पाण्डुलिपि डिजिटलीकरण कार्यशाला आयोजित हुई। उपमुख्यमंत्री एवं पर्यटन तथा कला-संस्कृति मंत्री दिया कुमारी ने कहा कि पाण्डुलिपियां केवल अतीत की कहानी नहीं, बल्कि भविष्य की प्रेरणा हैं। प्राचीन ज्ञान को आधुनिक तकनीक से जोड़ना विकसित भारत की शक्ति है। कार्यशाला में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास भी उपस्थित रहे। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बताया कि राजस्थान में राजकीय व निजी संग्रह, पुस्तकालयों, मंदिरों और मठों से करीब 23 लाख पाण्डुलिपियों का सर्वे किया गया है, जिनमें से 1.24 लाख का डिजिटलीकरण हो चुका है। राज्य सरकार का लक्ष्य प्रत्येक पाण्डुलिपि को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाना है। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि प्राचीन ग्रंथ और दस्तावेज महत्वपूर्ण सांस्कृतिक धरोहर हैं। उन्होंने विश्वविद्यालयों के संस्कृत विभागों को साथ लेकर तालपत्रों के संरक्षण, संस्कृत शब्दावली तैयार करने, विभागों में समन्वय बढ़ाने और युवाओं को शोध के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया।

# न्यायालय कर्मचारी सहकारी समिति की आमसभा में अनिल पारीक ने कीं घोषणाएं

## 'सदस्यों को 10 प्रतिशत लाभांश, दीपावली पर उपहार और ऋण सीमा बढ़ाकर 6 लाख रु. किया जायेगा'




न्यायालय कर्मचारी बचत एवं साख सहकारी समिति लि. जयपुर की वार्षिक आमसभा रविवार शाम को पापड़ के हनुमानजी मंदिर परिसर में समिति के अध्यक्ष अनिल पारीक की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

**जयपुर ।** न्यायालय कर्मचारी बचत एवं साख सहकारी समिति लिमिटेड, जयपुर की वार्षिक आमसभा का आयोजन रविवार शाम पापड़ के हनुमानजी परिसर में समिति के अध्यक्ष अनिल पारीक की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में न्यायालय के कर्मचारियों एवं समिति के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

आमसभा में समिति के अध्यक्ष अनिल पारीक ने सदस्यों के हित में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने समिति के सदस्यों को 10 प्रतिशत लाभांश देने तथा दीपावली पर उपहार प्रदान करने की घोषणा की। इसके साथ ही कर्मचारियों को उपलब्ध कराई जा रही ऋण सुविधा की अधिकतम सीमा बढ़ाकर 6 लाख करने की घोषणा भी की गई। अध्यक्ष अनिल पारीक ने कहा कि समिति का उद्देश्य अपने सदस्यों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना तथा उन्हें आवश्यकता के समय बेहतर वित्तीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

आमसभा में समिति कोषाध्यक्ष किशोर कुमार केवलरामानी ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का लेखा-जोखा, आय-व्यय एवं समिति की वित्तीय गतिविधियों का विवरण सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान समिति के कार्यों एवं वित्तीय स्थिति से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। आमसभा के दौरान न्यायालय कर्मचारियों द्वारा सांस्कृतिक एवं संगीत कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। मोहित शर्मा, प्रबोध गोस्वामी, अश्वनी भूतिया एवं नरेंद्र शर्मा ने शानदार भजनों की प्रस्तुतियां दीं। उनकी प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में मौजूद कर्मचारियों एवं अतिथियों का मन मोह लिया तथा पूरा वातावरण भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण हो गया। कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश माधवी दिनकर, न्यायाधीश बृजेंद्र जैन, महानगर प्रथम तथा रेणुका सिंह हुड्डा, जिला न्यायाधीश महानगर द्वितीय सहित तीनों जिलों के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अन्य न्यायिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर समिति उपाध्यक्ष शुभा माथुर, सचिव पवन कुमार शर्मा, संयुक्त सचिव सुमन देवाना एवं सह-उपाध्यक्ष रामस्वरूप मीणा सहित कृष्ण गोपाल पूनिया, सुनील कुमार शर्मा, वीरेंद्र सोलंकी, रामावतार मीणा, किशोर कुमार वर्मा एवं सतीश चंद्र गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया।

## कांग्रेस की स्थिति ''खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे'' वाली : मदन राठौड़

**जयपुर ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस द्वारा किए गए विरोध-प्रदर्शन को ''खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे'' वाली स्थिति बताया। उन्होंने कहा कि देश में कांग्रेस पार्टी चुनाव नहीं जीत पा रही तो वह संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने में जुट गई। आश्चर्य है कि कांग्रेस जहां चुनाव जीतती है, वहां अपनी पीठ थपथपाती है और जहां चुनाव हारती है, वहां हार का ठीकरा ईवीएम, एसआईआर और चुनाव आयोग पर फोड़ती है। कांग्रेस जिसने कभी जनता के बीच जाकर काम नहीं किया, और अब बिना सत्ता के छटपटा रही है। उनकी लगातार हो रही हार के चलते कांग्रेसी नेता कुंठित हो गए और हताशा, निराशा में इस तरह के विरोध प्रदर्शन कर रहे है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि कांग्रेस की निकाय चुनावों में हुई हार के बाद आपसी सिर-फुटव्वल बाहर आ रही है। गहलोत डोटासरा पर तो उनके जिलाध्यक्ष अपने ही विधायकों के खिलाफ गुस्सा उतार रहे है, जो अब सड़कों पर आ गया। अंदरूनी रूप से बिखर चुकी कांग्रेस पार्टी में अब कुछ बचा ही नहीं, अपने आप को जिंदा रखने के लिए और सुर्खियों में बना रहने के लिए अनर्गल बयानबाजी, बिना कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन कर रहे है। शहर में किए गए प्रदर्शन में उनके नेता तो नजर आए लेकिन कार्यकर्ताओं का अभाव ही नजर आ रहा था। कांग्रेस के पास अब ना तो कोई नीति है और ना ही कोई मजबूत विजन है।

# बिजनेसमैन को मारने की धमकी देकर एक करोड़ रु. रंगदारी मांगी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** जवाहर सर्किल थाना इलाके में एक बिजनेसमैन को वॉट्सऐप कॉल कर जान से मारने की धमकी देने और एक करोड़ रुपए की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। आरोप है कि जयपुर नगर निगम चुनाव में हार का बदला लेने के लिए बिजनेसमैन को धमकाया गया। धमकी देने के लिए जिस मोबाइल नंबर का इस्तेमाल किया गया, वह ट्रूकॉलर पर पटवारी रविन्द्र कुमार महावर के नाम से प्रदर्शित हुआ। पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जांच अधिकारी एएसआई किशन लाल ने बताया कि बस्सी निवासी बिजनेसमैन का ऑफिस जवाहर सर्किल क्षेत्र स्थित गोकुल वाटिका में है। पीड़ित ने रिपोर्ट में बताया कि 18 सितंबर की दोपहर को वह ऑफिस में बैठा था। इसी दौरान उसके मोबाइल पर व्हाट्सएप कॉल आया। कॉल करने वाले ने चार दिन में एक करोड़ रुपए मांगे और रकम नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी।

आरोपी ने धमकाते हुए कहा कि 4 दिन में उसके बताए स्थान पर एक करोड़ रुपए पहुंचा देना, अन्यथा चार दिन के अंदर जान से मार दिया जाएगा। बच्चों के अनाथ होने की धमकी देते हुए कहा गया कि चार दिन की जिंदगी जी ले, पांचवां दिन नहीं देख पाएगा। धमकी भरा कॉल आने के बाद बिजनेसमैन ने मोबाइल नंबर को ट्रूकॉलर पर चेक किया। नंबर रविन्द्र कुमार महावर के नाम से प्रदर्शित हुआ। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि रविन्द्र कुमार पहले दांतली-सिरोली क्षेत्र में पटवारी रह चुका है, इसलिए वह उसे पहले से जानता है। इसके बाद बिजनेसमैन ने रविन्द्र से संपर्क किया। रविन्द्र ने बताया कि करीब चार दिन पहले उसने यह सिम हरियाणा में रहने वाले अपने एक दोस्त को दी थी। उसने दोस्त से बात करने की बात कही। बाद में रविन्द्र ने पीड़ित को बताया कि अब आगे से कोई कॉल नहीं आएगा। पुलिस के अनुसार पूछताछ में रविन्द्र ने बताया कि 17 सितंबर को वह अपने दोस्तों कपिल शर्मा, मुनीराज मीणा और रामलाल मीणा के साथ विराटनगर स्थित एक फार्म हाउस पर गया था। रात में पार्टी नहीं हुई। अगले दिन 18 सितंबर की सुबह नहाने के बाद चारों ने पार्टी शुरू की।

पुलिस के अनुसार इसी दौरान जयपुर नगर निगम के वार्ड 61 से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले रामलाल मीणा ने चुनाव हारने की बात कही। कपिल शर्मा ने कथित तौर पर कहा कि बिजनेसमैन ने चुनाव में रामलाल को हराने के लिए वार्ड में पैसे बांटे थे। इसके बाद कपिल ने रविन्द्र का मोबाइल लेकर बिजनेसमैन को वॉट्सऐप कॉल किया और धमकी दी। धमकी मिलने पर बिजनेसमैन ने कॉल काट दिया। बाद में जब बिजनेसमैन ने वापस कॉल किया तो मुनीराज मीणा ने फोन उठाया। आरोप है कि मुनीराज ने भी उसे धमकाया और खुद को हरियाणा का संदीप चौधरी बताते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद फोन काट दिया गया। एएसआई किशन लाल ने बताया कि पीडित की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# भारत ओडीओपी संगम में राजस्थान के 38 उद्यम दिखाएंगे विशिष्ट उत्पाद

**जयपुर (कासं)।** उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) भारत सरकार की ओर से 7 से 11 अक्टूबर तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्रदर्शनी-सह-विक्रय कार्यक्रम ''भारत ओडीओपी संगम'' आयोजित किया जाएगा। इसमें राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 600 से अधिक इकाइयों एवं प्रदर्शकों के भाग लेने का प्रस्ताव है।

कार्यक्रम में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, राजस्थान के समन्वय से प्रदेश के विभिन्न जिलों के 38 चयनित ओडीओपी उद्यम एवं कारीगर हिस्सा लेंगे। इसमें रत्न एवं आभूषण, मार्बल एवं स्टोन, हस्तशिल्प एवं लकड़ी उत्पाद, वस्त्र एवं परिधान तथा खाद्य एवं कृषि प्रसंस्कृत उत्पाद सहित जिला-विशिष्ट उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे।

राजस्थान में ओडीओपी उद्यमों के विकास, उत्पाद मूल्य संवर्धन और बाजार विस्तार के लिए राजस्थान ओडीओपी नीति-2024 लागू है। इसके तहत राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मेलों में भाग लेने वाले ओडीओपी एमएसएमई को स्टॉल किराये का 75 प्रतिशत या 50 हजार से अधिकतम 2 लाख रुपए तक तथा दो प्रतिनिधियों के लिए निर्धारित यात्रा सहायता दी जाती है। अब तक करीब 497 ओडीओपी उद्यम मार्केटिंग सहायता से लाभान्वित हो चुके है। विभाग द्वारा ओडीओपी उद्यमों को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ने के लिए इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर (आईआईटीएफ), भारत टेक्स सहित प्रमुख मेलों में भागीदारी के अवसर भी दिए जा रहे हैं। 'भारत ओडीओपी संगम' में 38 उद्यमों की भागीदारी से राजस्थान के जिला-विशिष्ट उत्पादों, पारंपरिक शिल्प और स्थानीय उद्यिमता को व्यापक बाजार मंच मिलेगा।

## 'देश में घटते जनाधार व चुनावों में मिल रही हार से बौखलाई कांग्रेस'

**जयपुर ।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने जयपुर में कांग्रेस के प्रदर्शन पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि देश में घटते जनाधार और चुनावों में लगातार मिल रही हार से कांग्रेस पूरी तरह बौखला गई है। इसी के परिणामस्वरूप कांग्रेस संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बनाकर अपनी राजनीतिक असफलता से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है।

राठौड़ ने कहा कि स्थानीय निकाय चुनाव में भाजपा के प्रदर्शन के बाद कांग्रेस जिस प्रकार के प्रदर्शन कर रही है, उससे उसकी राजनीतिक बेचैनी नजर आ रही है। भारतीय सेना के शौर्य और निर्वाचन प्रक्रिया पर सवाल उठाना कांग्रेस की राजनीति का हिस्सा बन गया है। निर्वाचन आयोग और सर्वोच्च न्यायालय जैसे संवैधानिक संस्थानों के निर्णयों पर सवाल उठाने की बजाय राजनीतिक दलों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया का सम्मान करना चाहिए। राजेन्द्र राठौड़ ने एसआईआर के मुद्दे पर कहा कि 27 मई 2026 को सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण की वैधानिकता को बरकरार रखा था।

# जयपुर में करीब 2.90 हैक्टेयर भूमि का कब्जा वापस ले वन विभाग : एन.जी.टी.

**जयपुर/भोपाल।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी), सेंट्रल जोन बेंच, भोपाल ने जयपुर तहसील के ग्राम बीर पापड़ में 2.9087 हेक्टेयर वन भूमि का कब्जा वापस लेने के निर्देश दिए हैं। अधिकरण ने संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर उनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू करने को भी कहा है।

मामला मूल आवेदन संख्या 151/2025, कमल कांत तिवारी बनाम भारत संघ एवं अन्य से जुड़ा है। न्यायमूर्ति शेओ कुमार सिंह और विशेषज्ञ सदस्य सुधीर कुमार चतुर्वेदी की पीठ ने मामले की सुनवाई की। यह आदेश 16 सितंबर को अपलोड किया गया।

अधिकरण के समक्ष मामला राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम द्वारा वन भूमि के औद्योगिक उपयोग से जुड़े आरोपों का था। राजस्व अभिलेखों, विभागीय सर्वेक्षण रिपोर्ट और अन्य दस्तावेजों के परीक्षण के बाद अधिकरण ने पाया कि ग्राम बीर पापड़, पटवारी हल्का झीतवाड़ा, तहसील जयपुर स्थित खसरा संख्या 7/2 की 2.9087 हेक्टेयर भूमि राजस्व रिकॉर्ड में वन विभाग के नाम दर्ज है। एनजीटी ने रिकॉर्ड किया कि उपलब्ध सामग्री के अनुसार उक्त भूमि पर औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया गया था, लेकिन इस विशिष्ट खसरे की भूमि का के पक्ष में वैध हस्तांतरण होने का पर्याप्त

■ वन भूमि पर औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के मामले में जिम्मेदार अधिकारियों पर विभागीय जांच के निर्देश भी दिए

आधार प्रस्तुत नहीं किया गया। अधिकरण ने कहा कि वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के प्रावधानों के तहत वन भूमि का गैर-वानिकी उपयोग भारत सरकार की पूर्व स्वीकृति के बिना नहीं किया जा सकता। एनजीटी ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक राजस्थान और प्रधान सचिव, वन एवं पर्यावरण विभाग को खसरा संख्या 7/2 की 2.9087 हेक्टेयर भूमि का 30 दिन में कब्जा लेकर उसे वन विभाग के अधिकार में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। सचिव गृह विभाग को वन विभाग को आवश्यक प्रशासनिक सहायता और जरूरत पड़ने पर भूमि का कब्जा वापस लेने तथा वन क्षेत्र की सुरक्षा के लिए आवश्यक बल उपलब्ध कराने को कहा गया है। इसके साथ ही प्रधान मुख्य वन संरक्षक को उन अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने और उनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं, जिनके कार्यकाल में वन भूमि की सुरक्षा को लेकर कर्तव्यों का समुचित निर्वहन नहीं हुआ।

# शराब पार्टी में रंजिश : कार से कुचलकर युवक की हत्या

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** कानोता इलाके में शराब पार्टी के दौरान हुई कहासुनी ने खूनी रूप ले लिया। आरोप है कि साथ काम करने वाले एक युवक ने रंजिश के चलते बाइक सवार दो दोस्तों को अपनी तेज रफ्तार कार से जोरदार टक्कर मार दी। इस खौफनाक हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया।

वारदात को अंजाम देकर भागने के प्रयास में आरोपी की कार आगे खड़े एक ट्रक से टकरा गई, जिसके बाद वह गाड़ी छोड़कर मौके से भाग निकला। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और हत्या का केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

कानोता थानाधिकारी विरेन्द्र सिंह के अनुसार, मृतक की पहचान चौमूं स्थित दुल्हा सिंह की ढाणी निवासी रोहित सैनी (26) के रूप में हुई है। रोहित पिछले एक साल से कानोता-बस्सी क्षेत्र में प्रॉपर्टी कारोबारी नरेश अग्रवाल के पास काम करता था। रविवार तड़के करीब 3 बजे कानोता पुलिया के समीप स्थित राठौड़ पेट्रोल पंप के पास यह वारदात हुई।

पुलिस जांच में सामने आया है कि शनिवार रात को रोहित सैनी, उसका साथी सुनील सैनी और सुरेंद्र यादव एक साथ बैठकर शराब पी रहे थे। इस दौरान किसी बात को लेकर रोहित और सुरेंद्र में विवाद और गाली-गलौज हो गई। हालांकि, कुछ देर बाद मामला शांत हो गया।

रात करीब 3 बजे जब रोहित और सुनील बाइक पर सवार होकर पेट्रोल पंप के पास पहुंचे, तो सुरेंद्र भी कार लेकर वहां आ गया। वहां दोनों पक्षों में फिर से कहासुनी हो गई। इसके बाद जैसे ही रोहित और सुनील बाइक लेकर आगे बढ़े, सुरेंद्र ने तैश में आकर पीछे से कार से उनकी बाइक को उडा दिया।

टक्कर इतनी तेज थी कि रोहित और सुनील सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। इलाज के दौरान डॉक्टर्स ने रोहित को मृत घोषित कर दिया, जबकि सुनील का एसएमएस अस्पताल में इलाज जारी है।

घटना के तुरंत बाद हड़बड़ाहट में भागने के चक्कर में आरोपी सुरेंद्र की कार सामने खड़े एक ट्रक में जा घुसी, जिसके बाद वह वाहन छोड़कर मौके से रफूचक्कर हो गया। परिजनों के विरोध दर्ज कराने पर पुलिस ने हत्या की धाराओं में मामला पंजीकृत कर वारदात में इस्तेमाल कार को जब्त कर लिया है और आरोपी की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

# स्पा सेंटर पर पुलिस की छापेमारी, 14 युवतियों समेत 19 गिरफ्तार

**जयपुर ।** अवैध रूप से संचालित स्पा सेंटरों और उनकी आड़ में होने वाली अनैतिक गतिविधियों के खिलाफ जयपुर पुलिस कमिश्नरेट के विशेष अभियान के तहत बजाज नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस टीम ने टोंक पुलिया के पास स्थित ग्लोरी थाई स्पा सेंटर पर दबिश देकर पुलिस कमिश्नरेट की गाइडलाइन का उल्लंघन पाए जाने पर 14 युवतियों और 5 युवकों सहित कुल 19 लोगों को गिरफ्तार किया।

पुलिस उपायुक्त रंजीता शर्मा ने बताया कि बजाज नगर इलाके में हुई चेकिंग के दौरान महिला पुलिसकर्मियों के साथ टीम ने ग्लोरी थाई स्पा सेंटर की जांच की। इस दौरान सरकारी दिशा-निर्देशों की पालना नहीं मिलने पर पुलिस ने मौके से 14 महिलाओं और 5 पुरुषों को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया। थानाधिकारी रामधन डोभाल ने बताया कि स्पा सेंटर संचालकों को पूर्व में पुलिस कमिश्नरेट की गाइडलाइन की पालना के लिए चेतावनी दी गई थी। इस कार्रवाई में एएसआई मुकेश चंद, कांस्टेबल कन्हैयालाल, दीपक कुमार, महेंद्र कुमार, रामअवतार तथा महिला थाना जयपुर पूर्व की महिला कांस्टेबल मौसम शामिल रहीं।

## सार-समाचार

### आर.सी.टी. की नई तकनीकों पर मंथन




**जयपुर (कासं)।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) राजस्थान शाखा की ओर से जयपुर में इंडियन डैंटल एक्सपर्ट कांग्रेस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आरसीटी (रूट कैनाल ट्रीटमेंट) की नई ऑब्चुरेशन तकनीकों पर विशेष सत्र हुआ। सत्र में मुंबई के डॉ. अजीत शालिग्राम ने आधुनिक ऑब्चुरेशन तकनीकों और उनके क्लिनिकल उपयोग की जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईडीए के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. हरीश भारद्वाज रहे, जबकि अध्यक्षता आईडीए राजस्थान के सचिव डॉ. जे. एस. वालिया ने की। कार्यक्रम में भरतपुर के वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. धर्मेंद्र शर्मा, आईडीए जयपुर ग्रेटर के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत भारद्वाज, सचिव डॉ. सुनील राघव, डॉ. अभिलाषा वालिया और डॉ. राजेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में दंत चिकित्सकों ने भाग लिया।

### कुलपति प्रो. बी.पी. सारस्वत का स्वागत



**जयपुर ।** ऑल राजस्थान यूनिवर्सिटीज टीचर्स एसोसिएशन (एआरयूटीए) के अध्यक्ष प्रो. बी.डी. रावत एवं उपाध्यक्ष प्रो. मधुसूदन के नेतृत्व में वरिष्ठ शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल ने नवनियुक्त कुलपति प्रो. बी.पी. सारस्वत से मुलाकात कर उनका स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों एवं पेंशनरों की लंबित समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति को बताया कि 29 नवंबर 2018 के उच्चतम न्यायालय के निर्णय के अनुसार 98 वरिष्ठ शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति तिथि से करियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस) का लाभ दिया जाना है। विश्वविद्यालय की स्क्रीनिंग, यूजीसी दिशा-निर्देश, राज्य सरकार के निर्देश और चयन समिति की प्रक्रिया के बाद इन शिक्षकों को प्रोफेसर पद पर पदोन्नत किया जा चुका है तथा सिंडिकेट ने 21 सितंबर 2021 को पदोन्नित पत्र जारी किए थे। विश्वविद्यालय एवं राज्य सरकार की समीक्षा याचिकाएं भी 5 नवंबर 2019 को खारिज हो चुकी हैं। बैठक में प्रो. मीनाक्षी चतुर्वेदी, प्रो. बी.एल. गुप्ता, प्रो. अनिल बंसल एवं प्रो. आर.के. गुर्जर ने विश्वविद्यालय की व्यवस्थाओं में सुधार के सुझाव दिए। प्रो. बी.डी. रावत ने पेंशनरों को समय पर पेंशन दिलाने की मांग भी रखी। अंत में प्रो. मधु भट्ट एवं प्रो. सोमना दत्तने कुलपति का आभार जताया।

### अनुभवात्मक शिक्षक विकास कार्यक्रम




**जयपुर ।** राजस्थान विश्वविद्यालय के आर.ए. पोद्दार प्रबंधन संस्थान (आरएपीआईएम) में विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान के पश्चिमी क्षेत्र के लिए एक-सप्ताह के अनुभवात्मक शिक्षक विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। देश के विभिन्न राज्यों से 250 से अधिक शिक्षक-शिक्षकों की कार्यक्रम में सहभागिता रही। आयोजन वीबीयूएसएस ने राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई), आईयूसीटीई-बीएचयू और आरएपीआईएम के सहयोग से किया। आरएपीआईएम निदेशक प्रो. अनुराग शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम में प्रत्यक्ष अनुभव, अवलोकन, संवाद एवं चिंतन के माध्यम से शिक्षण क्षमता विकसित करने पर जोर दिया गया। प्रो. कैलाश चंद्र शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के संदर्भ में विद्यार्थी-केंद्रित एवं अनुभवात्मक शिक्षा को महत्वपूर्ण बताया। प्रो. संजय शर्मा, प्रो. जे.एन. बालिया, डी. रामकृष्ण राव, भरत भाई ढोकाई सहित विशेषज्ञों ने पंचकोश आधारित समग्र विकास, शिक्षक प्रशिक्षण, पंचपदी शिक्षण पद्धित और निरंतर व्यावसायिक विकास पर विचार रखे। समापन सत्र में एमआईटीआरए मोबाइल ऐप एवं इम्प्लीमेंटेशन हैंडबुक की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के बाद प्रतिभागियों ने आवंटित विद्यालयों में कक्षा-अवलोकन एवं अनुभवात्मक गतिविधियों में सहभागिता की।

### 414 करोड़ रु. के मृत्यु दावों का निपटान

**जयपुर ।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही में 99.31 प्रतिशत का क्लेम सेटलमेंट रेशियो दर्ज किया। कंपनी के अनुसार, आधिकारिक आंकड़ों (फॉर्म एल-39 और एल-40) के आधार पर यह भारत की प्रमुख जीवन बीमा कंपनियों में सर्वाधिक है। इस अवधि में कंपनी ने 414.08 करोड़ रुपए के व्यक्तिगत मृत्यु दावों का निपटान किया। कंपनी के अनुसार, प्रमुख जीवन बीमाकर्ताओं में वित्त वर्ष 2027 की पहली तिमाही में उसका प्रति दावा औसत मूल्य करीब 15 लाख रुपए रहा, जो सर्वाधिक है। बिना जांच वाले मामलों में अंतिम दस्तावेज प्राप्त होने की तारीख से क्लेम निपटाने का औसत समय केवल एक दिन रहा। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ-अंडरराइटिंग एंड रिटेल क्लेम्स सारंग गोखले ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ''क्लेम फॉर श्योर'' पहल के तहत पात्र दावों में करीब 75 करोड़ रुपए का भुगतान एक ही दिन में किया गया।

### शिक्षक ईश्वर सिंह खंगारोत सम्मानित

**जयपुर ।** रेनबो स्कूल के शिक्षक ईश्वर सिंह खंगारोत को जयपुर सहोदय स्कूल्स कॉम्प्लेक्स की ओर से सत्र 2025-26 के लिए प्रतिष्ठित ''सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस'' और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके समर्पण, नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धितयों, उत्कृष्ट शैक्षिणक परिणामों तथा सीबीएसई की पहलों के सफल क्रियान्वयन में योगदान के लिए प्रदान किया गया। स्कूल प्रबंधन ने उनके सम्मान पर बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा के प्रति उनका जुनून और विद्यार्थियों के विकास के लिए निरंतर प्रयास प्रेरणादायी हैं।

### राजस्थान की पर्यटन क्षमता प्रदर्शित

**मुंबई ।** होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (एचआरएआर) ने 26-27 सितंबर को मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित ''मेलांज 3.0'' में राजस्थान की पर्यटन, आतिथ्य, संस्कृति और खान-पान की विविधता प्रदर्शित की। एचआरएआर के विशेष पवेलियन में जयपुर, जोधपुर, सरिस्का, प्रतापगढ़, उदयपुर, कुंभलगढ़, रणथंभौर, पुष्कर और जैसलमेर सहित विभिन्न क्षेत्रों के 10 प्रमुख होटल एवं आतिथ्य प्रतिनिधियों ने भाग लिया। आयोजन के दौरान ट्रैवल एजेंट, टूर ऑपरेटर, खरीदार और पर्यटन कारोबार से जुड़े प्रतिनिधियों के साथ व्यापक बी2बी बैठकें हुईं, जिससे नए व्यावसायिक अवसरों की संभावनाएं बनीं। पवेलियन में राजस्थान की क्षेत्रीय मिठाइयों, नमकीन और पारंपरिक व्यंजनों के साथ कम प्रसिद्ध एवं उभरते पर्यटन स्थलों और नए पर्यटन सर्किट्स को भी बढ़ावा दिया गया। एचआरएआर के सचिव अधिराज सिंह शाहपुरा ने कहा कि मेलांज 3.0 से राजस्थान के हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र की सामूहिक शक्ति और विविधता को देशभर के पर्यटन कारोबारियों तक पहुंचाने का अवसर मिला। कोषाध्यक्ष असीम पारख ने कहा कि खरीदारों और पर्यटन कारोबारियों से बातचीत से सदस्यों के लिए नए व्यवसाय एवं सहयोग के अवसर सामने आए।